# छत्तीसगढ़ पी.सी.एस.
# प्रारंभिक परीक्षा-2018
# सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-2)

**समय: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 200**

1. हाल ही में किस शहर में भारत की पहली प्राइवेट मानव रहित विमान (UAV) फैक्ट्री आरंभ हुई है?
   (a) भोपाल (b) जयपुर
   (c) हैदराबाद (d) नागपुर
   (e) दिल्ली

2. जे.एस. वर्मा समिति का गठन किस विषय से संबंधित था?
   (a) चुनाव कानून में संशोधन
   (b) चुनाव सुधार
   (c) अपराध तथा राजनीति के बीच साँठ-गाँठ की जाँच
   (d) आपराधिक कानून में संशोधन
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

3. पंचायतों के 'लेखा परीक्षण' संबंधी प्रावधान भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?
   (a) अनुच्छेद 243J में (b) अनुच्छेद 243K में
   (c) अनुच्छेद 243L में (d) अनुच्छेद 243M में
   (e) अनुच्छेद 243N में

4. राज्यसभा में स्थानों का आवंटन संबंधी प्रावधान भारतीय संविधान की किस अनुसूची में किया गया?
   (a) दूसरी अनुसूची में (b) तीसरी अनुसूची में
   (c) चौथी अनुसूची मे (d) पाँचवीं अनुसूची में
   (e) सातवीं अनुसूची में

5. भारतीय संविधान में निर्धारित की गई संसद की शक्ति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **सही** है?
   (a) अनुच्छेद-2 व 3 संसद को राज्यों के पुनर्गठन से संबंधित विधि पारित करने की शक्ति देता है।
   (b) अनुच्छेद-11 'नागरिकता' से संबंधित विधि बनाने की शक्ति संसद को देता है।
   (c) अनुच्छेद-105 संसद को शक्ति देता है कि वह सांसदों के विशेषाधिकारों को परिभाषित करने वाली विधि पारित कर सके।
   (d) अनुच्छेद-169 किसी राज्य में विधान परिषद के निर्माण व समाप्त करने की शक्ति संसद को प्रदान करता है।
   (e) उपर्युक्त में से सभी सही हैं।

6. विधानसभा द्वारा पारित किसी 'सामान्य विधेयक' को जब विधानपरिषद में भेजा जाता है तो उस स्थिति में पारित विधेयक को विधानपरिषद 'पहली बार' में कितने समय तक रोक सकती है?
   (a) चौदह दिनों तक (b) एक माह तक
   (c) दो माह तक (d) तीन माह तक
   (e) चार माह तक

7. निम्नलिखित में से ऐसी कौन-सी संसदीय समिति है जिसके सभी सदस्य लोकसभा से संबंधित होते हैं?
   (a) लोक लेखा समिति (b) प्राक्कलन समिति
   (c) लोक उपक्रम समिति (d) (a) एवं (b) दोनों
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

8. भारत का प्रधानमंत्री-
   (a) निर्वाचित होता है (b) चयनित होता है
   (c) नियुक्त होता है (d) मनोनीत होता है
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

9. निम्नलिखित में से किसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है?
   (a) नीति आयोग (b) राष्ट्रीय विकास परिषद
   (c) अंतर्राज्यीय परिषद (d) राष्ट्रीय एकता परिषद
   (e) उपर्युक्त सभी के।

10. राज्य की मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी होती है?
   (a) मुख्यमंत्री के प्रति (b) राज्यपाल के प्रति
   (c) विधानसभा के प्रति (d) विधानपरिषद के प्रति
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

11. भारत के निम्नांकित राज्यों में से किसकी तीन तरफ अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ हैं?
   (a) असम (b) नागालैंड
   (c) त्रिपुरा (d) पश्चिम बंगाल
   (e) उत्तर प्रदेश

12. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है?

| | **(पर्वत दर्रा)** | | **(राज्य)** |
|---|---|---|---|
| (a) | शिपकी ला | - | हिमाचल प्रदेश |
| (b) | बोम डीला | - | अरुणाचल प्रदेश |
| (c) | नाथु ला | - | मेघालय |
| (d) | ज़ोजिला | - | जम्मू एवं कश्मीर |
| (e) | नीति | - | उत्तराखंड |

13. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (जलप्रपात)** | **सूची-II (नदी)** |
|---|---|
| A. जोग | (i) शरावती नदी |
| B. हुंडरू | (ii) स्वर्ण रेखा |
| C. गोकाक | (iii) घाट प्रभा |
| D. दुग्धधारा | (iv) नर्मदा |

सही उत्तर चुनिये:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (c) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (d) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (e) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

14. उत्तर-पूर्वी मानसून से सबसे अधिक वर्षा प्राप्त करने वाला राज्य है-
(a) असम (b) पश्चिम बंगाल
(c) तमिलनाडु (d) ओडिशा
(e) इनमें से कोई नहीं।

15. मृदा के अध्ययन को कहते हैं-
(a) पोमोलॉजी (b) एपीकल्चर
(c) पेडोलॉजी (d) आर्कियोलॉजी
(e) इनमें से कोई नहीं।

16. अलमट्टी बाँध किस नदी पर है?
(a) गोदावरी (b) कावेरी
(c) कृष्णा (d) महानदी
(e) गंगा

17. निम्नलिखित में से क्या भारत में पीली क्रांति से संबंधित है?
(a) खाद्यान्न उत्पादन (b) बागबानी
(c) रेशम (d) मत्स्य पालन
(e) तिलहन उत्पादन

18. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से कौन अभ्रक का सबसे बड़ा उत्पादक है?
(a) आंध्र प्रदेश (b) बिहार
(c) झारखंड (d) राजस्थान
(e) छत्तीसगढ़

19. निम्नलिखित पहाड़ी जनजातियों का पश्चिम से पूर्व सही क्रम पहचानिये।
(a) खासी-गारो-नागा-जैंतिया
(b) नागा-जैंतिया-खासी-नागा
(c) गारो-खासी-जैंतिया-नागा
(d) जैंतिया-नागा-गारो-खासी
(e) इनमें से कोई नहीं।

20. भारतीय पर्यटन के स्वर्ण त्रिभुज में सम्मिलित शहर हैं-
(a) आगरा, दिल्ली, जयपुर
(b) मथुरा, आगरा, ग्वालियर
(c) आगरा, कानपुर, लखनऊ
(d) कानपुर, वाराणसी, रायपुर
(e) इनमें से कोई नहीं।

21. अशोक के 'ग्यारहवें शिलालेख' से संबंधित निम्नलिखित में से सही विषय क्या है?
(a) सभी संप्रदायों के लिये सहिष्णुता की बात
(b) पशुबलि की निंदा
(c) धम्म नीति की व्याख्या
(d) सर्वधर्म समभाव एवं स्त्री महामात्र की चर्चा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

22. प्रथम 'बौद्ध संगीति' का आयोजन कहाँ हुआ था?
(a) पाटलिपुत्र (b) कुंडलवन
(c) वैशाली (d) राजगीर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

23. जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर निम्नलिखित में से कौन थे?
(a) मल्लिनाथ (b) शीतलनाथ
(c) पार्श्वनाथ (d) कुंथुनाथ
(e) विमलनाथ

24. बुद्ध ने अपने जीवन में सर्वाधिक उपदेश निम्नलिखित स्थानों में से कहाँ दिये थे?
(a) सारनाथ (b) श्रावस्ती
(c) बोधगया (d) कुशीनगर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

25. 'हाथीगुंफा अभिलेख' निम्नलिखित में से किस शासक से संबंधित है?
(a) रूद्रदामन (b) खारवेल
(c) स्कंदगुप्त (d) समुद्रगुप्त
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

26. हड़प्पाकालीन नगर, लोथल किस नदी पर स्थित था?
(a) भोगवा (b) हिण्डन
(c) घग्घर (d) दाश्क
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (मौर्योत्तरकालीन रचनाएँ एवं रचनाकार) सुमेलित **नहीं** है?
(a) बुद्धचरित - अश्वघोष
(b) नाट्यशास्त्र - भास
(c) चरक संहिता - चरक
(d) महाभाष्य - पतंजलि
(e) गाथासप्तशती - हाल

28. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. हुमायूँ का मकबरा | (i) शाहदरा |
| B. शेरशाह का मकबरा | (ii) सिकंदरा |
| C. अकबर का मकबरा | (iii) दिल्ली |
| D. जहाँगीर का मकबरा | (iv) सासाराम |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (c) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (d) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

29. लॉर्ड डलहौजी द्वारा विलय किये गए राज्यों का सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) सतारा - जैतपुर - बघाट - उदयपुर
(b) उदयपुर - सतारा - बघाट - जैतपुर
(c) बघाट - जैतपुर - उदयपुर - सतारा
(d) जैतपुर - उदयपुर - सतारा - बघाट
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

30. 1844 के पूर्व निम्नलिखित लोकप्रिय आंदोलन हुए-
1. संथाल विद्रोह
2. पाइका विद्रोह
3. फकीर विद्रोह
4. संन्यासी विद्रोह

सही उत्तर चुनिये-
(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 3, 4, 1 (d) 4, 3, 1
(e) 1, 2, 3, 4

31. शारदा अधिनियम के अंतर्गत लड़कियों और लड़कों के विवाह की न्यूनतम आयु क्रमश: कितनी निर्धारित की गई थी?
(a) 15 और 18 (b) 13 और 17
(c) 14 और 18 (d) 18 और 21
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

32. अधोलिखित में से कौन एक 'ज़ियाउद्दीन बरनी' की रचना है?
(a) तारीख-ए-फिरोज़शाही
(b) तारीख-ए-शेरशाही
(c) तबकात-ए-नासिरी
(d) नुस्खा-ए-दिलकुशा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

33. शिवाजी के 'अष्टप्रधान' से संबंधित 'दबीर', निम्नलिखित में से किससे संबंधित था?
(a) राज्य की आय-व्यय का लेखा-जोखा मामलों से
(b) न्याय मामलों से
(c) सैनिकों की भर्ती मामलों से
(d) विदेशी मामलों की देख-रेख से
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

34. मंदसौर की संधि निम्नलिखित में से किन-किन के बीच हुई थी?
(a) होल्कर तथा अंग्रेजों के बीच
(b) भोंसले तथा अंग्रेजों के बीच
(c) सिंधिया तथा अंग्रेजों के बीच
(d) रघुनाथ राव तथा अंग्रेजों के बीच
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

35. अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित भारत का प्रथम समाचार पत्र निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) हिन्दुस्तान स्टैंडर्ड (b) यंग इंडिया
(c) बंगाल गजट (d) बंगाली
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

36. मानव विकास सूचकांक (HDI) का प्रतिपादन कब किया गया था?
(a) वर्ष 1990 में (b) वर्ष 1992 में
(c) वर्ष 1994 में (d) वर्ष 1996 में
(e) इनमें से कोई नहीं।

37. नीति आयोग की स्थापना हुई-
(a) 1 जनवरी 2015 (b) 2 अक्टूबर 2016
(c) 25 जनवरी 2015 (d) 15 अगस्त 2017
(e) इनमें से कोई नहीं।

38. अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जाता है-
(a) 3 दिसंबर (b) 4 दिसंबर
(c) 1 दिसंबर (d) 2 दिसंबर
(e) 8 दिसंबर

39. हाल ही में निम्नलिखित में किस देश की टीम ने हॉकी विश्व कप 2018 का खिताब जीता है?
(a) पाकिस्तान (b) बेल्ज़ियम
(c) नीदरलैंड (d) आयरलैंड
(e) भारत

40. 'चक्रीय बेरोज़गारी से संबंधित निम्नलिखित कथन पढ़िये:
1. यह बेरोज़गारी अर्थव्यवस्था में चक्रीय उतार-चढ़ावों के कारण उत्पन्न होती है।
2. यह बेरोज़गारी मुख्यतया व्यापार चक्र से संबंधित होती है।
3. यह बेरोज़गारी सामान्यतया स्थायी प्रकृति की होती है।

सही उत्तर चुनिये-
(a) 1 एवं 2 सही हैं (b) 2 एवं 3 सही हैं
(c) केवल 1 सही है (d) केवल 2 सही है
(e) 1, 2 एवं 3 सही है।

41. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (बैंकिंग क्षेत्र में सुधार हेतु गठित समिति एवं उद्देश्य) सुमेलित है?
(a) डी. सुब्बाराव समिति - छोटी बचतों से जुड़ी व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से
(b) आर.वी. गुप्ता समिति - कृषि ऋण के क्षेत्र में सुधार के उद्देश्य से

(c) पी.आर. खन्ना समिति - मौद्रिक नीति पर तकनीकी सलाह के उद्देश्य से

(d) नचिकेत मोर समिति - बैंकों में मानव संसाधन दक्षता में सुधार लाने के उद्देश्य से

(e) एम.वी. नायर समिति - देश के सभी गाँवों में वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से

42. वर्ष 2016-17 में आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में कुल कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?
   (a) 3 प्रतिशत (b) 3.5 प्रतिशत
   (c) 4 प्रतिशत (d) 4.8 प्रतिशत
   (e) इनमें से कोई नहीं।

43. बजट 2018-19 में केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दो गुना करने के उद्देश्य से 'कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय' को कुल कितनी राशि का आवंटन किया है?
   (a) ₹ 60,010 करोड़ (b) ₹ 55,050 करोड़
   (c) ₹ 58,080 करोड़ (d) ₹ 65,060 करोड़
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

44. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िये-
   1. इस योजना की शुरुआत 16 दिसंबर, 2018 को की गई।
   2. यह योजना गैर-कानूनी धन और काले धन को गोपनीय तरीके से घोषित करने का अवसर प्रदान करती है।
   3. इस योजना के द्वारा अज्ञात आय पर लगभग 50 प्रतिशत का जुर्माना भरने के बाद अभियोजन से बचने का अवसर प्राप्त होता है।

   सही उत्तर चुनिये-
   (a) केवल 1 सही है (b) 1 एवं 2 सही हैं
   (c) 2 एवं 3 सही हैं (d) केवल 3 सही है
   (e) 1 एवं 3 सही हैं

45. बैंक दर से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) वह दर जिसके आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक आवश्यकता पड़ने पर अन्य व्यापारिक बैंकों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराता है।
   (b) वह दर जिसके आधार पर व्यापारिक बैंक व्यक्तियों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराते हैं।
   (c) वह दर जिसके आधार पर व्यक्तियों को बैंकों में अपने बचत खाते पर लाभ प्राप्त होता है।
   (d) वह दर जिसके आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराती है।
   (e) इनमें से कोई नहीं।

46. खाद्य शृंखला (फूड चेन) में मानव है-
   (a) एक निर्माता
   (b) केवल प्राथमिक उपभोक्ता
   (c) केवल द्वितीयक उपभोक्ता
   (d) प्राथमिक व द्वितीयक उपभोक्ता
   (e) इनमें से कोई नहीं

47. पारिस्थितिकी तंत्र में तत्त्वों के चक्रण को क्या कहते हैं?
   (a) रासायनिक चक्र
   (b) जैव-भूरासायनिक चक्र
   (c) भूवैज्ञानिक चक्र
   (d) भूरासायनिक चक्र
   (e) इनमें से कोई नहीं।

48. हाल ही में प्रसिद्ध व्यक्तित्व 'मृणाल सेन' का निधन हुआ है, वह थे-
   (a) फिल्मकार (b) वैज्ञानिक
   (c) पूर्व क्रिकेटर (d) पूर्व राज्यपाल
   (e) इनमें से कोई नहीं।

49. लखवार बहुउद्देशीय परियोजना किस नदी से संबंधित है?
   (a) गंगा (b) यमुना
   (c) महानदी (d) कावेरी
   (e) कृष्णा

50. भारत का सबसे लंबा रेल सह सड़क पुल "बोंगिबेल" किस नदी पर बनाया जाएगा?
   (a) गंगा (b) यमुना
   (c) महानदी (d) ब्रह्मपुत्र
   (e) कावेरी

51. 18वें एशियाई खेल 2018 में किस खिलाड़ी ने भारत के लिये पुरुष तिहरी कूद में पहली बार स्वर्ण पदक जीता है?
   (a) स्वप्ना बरमन (b) अरपिंदर सिंह
   (c) नीरज चोपड़ा (d) हिमा दास
   (e) इनमें से कोई नहीं।

52. 'नो स्पिन' पुस्तक किस अनुभवी क्रिकेटर की आत्मकथा है?
   (a) हरभजन सिंह (b) यजुवेंद्र चहल
   (c) वकार युनूस (d) ब्रेट ली
   (e) शेन वॉर्न

53. भारत का पहला पानी के नीचे रोबोटिक ड्रोन कौन-सा है?
   (a) एस बैंड (b) आईरोव ट्यूना
   (c) नाग (d) अग्नि
   (e) इनमें से कोई नहीं।

54. नोट्स ऑफ अ ड्रीम किसके जीवनी से संबंधित है?
(a) शेनवॉर्न (b) अमिताभ बच्चन
(c) ए.आर. रहमान (d) रघुराम राजन
(e) विराट कोहली

55. निम्नलिखित में से किस विटामिन को हॉर्मोन माना जाता है?
(a) A (b) B
(c) C (d) D
(e) K

56 ट्रांसफार्मर प्रयुक्त होते हैं-
(a) AC को DC में बदलने के लिये
(b) DC को AC में बदलने के लिये
(c) DC वोल्टेज का उपचयन करने के लिये
(d) AC वोल्टेज का उपचयन या अपचयन करने के लिये
(e) इनमें से कोई नहीं।

57. निम्नलिखित में से किस शासक के शासनकाल में चीनी यात्री ह्वेनसांग सिरपुर आया था?
(a) महाशिवगुप्त बालार्जुन (b) इंद्रबल
(c) नन्नराज (प्रथम) (d) तीवर देव
(e) नागबल

58. रतनपुर शाखा के कल्चुरियों में सर्वाधिक अभिलेख किस शासक के मिले हैं?
(a) जाजल्य देव (प्रथम) (b) पृथ्वीदेव (प्रथम)
(c) रत्नदेव (द्वितीय) (d) पृथ्वीदेव (द्वितीय)
(e) जाजल्यदेव (द्वितीय)

59. छत्तीसगढ़ में एकमात्र मुस्लिम जमींदारी थी-
(a) खुज्जी (b) मातिन
(c) करौंद (d) गंडई
(e) छुरी

60. छत्तीसगढ़ के प्रथम जिलेदार माने जाते हैं-
(a) कृष्णाराव अप्पा (b) गोपाल राव
(c) सखाराम बापू (d) गोविंद राव
(e) दुर्गा प्रसाद

61. छत्तीसगढ़ में सती प्रथा पर रोक किसने लगवाई थी?
(a) बिंबाजी भोंसले (b) व्यंकोजी भोसले
(c) महीपतराव दिनकर (d) रघुजी तृतीय
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

62. छत्तीसगढ़ का निम्न में कौन गवर्नर जनरल की कार्यकारिणी परिषद का सदस्य रहा?
(a) सी एम थेक्कर (b) वामन राव लाखे
(c) रविशंकर शुक्ला (d) ई. राघवेंद्र राव
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

63. निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य मुड़िया जनजाति से संबंधित है?
(a) सरहुल नृत्य (b) थापड़ी नृत्य
(c) ककसार नृत्य (d) सैला नृत्य
(e) इनमें से कोई नहीं।

64. पालकी ढोने का पारंपरिक कार्य किस जनजाति से संबंधित है?
(a) कोरकु (b) खड़िया
(c) पारधी (d) कंडरा
(e) इनमें से कोई नहीं।

65. 'बिहि प्रथा' कहाँ की जनजाति की आदिम प्रथा है?
(a) सरगुजा (b) बिलासपुर
(c) कवर्धा (d) बस्तर
(e) इनमें से कोई नहीं।

66. निम्नलिखित में से किस छत्तीसगढ़ी लोकगीत में महिला गायिका होती है?
(a) गौरा गीत (b) डिंड्वा गीत
(c) डंडा गीत (d) रथ गीत
(e) इनमें से कोई नहीं।

67. गोंचा पर्व की शुरुआत निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया था?
(a) रुद्रप्रताप देव (b) अन्नमदेव
(c) पुरुषोत्तम देव (d) मधुरांतक देव
(e) इनमें से कोई नहीं।

68. छत्तीसगढ़ में हरेली त्योहार किस महीने मनाया जाता है?
(a) श्रावण (b) भाद्रपद
(c) माघ (d) आश्विन
(e) कार्तिक

69. छत्तीसगढ़ में ज़िलेवार सर्वाधिक वर्षा होती है-
(a) जशपुर में (b) कवर्धा में
(c) नारायणपुर में (d) कोरिया में
(e) इनमें से कोई नहीं।

70. छत्तीसगढ़ में 'भाटा मिट्टी' किस मिट्टी का स्थानीय नाम है?
(a) लाल-पीली मिट्टी (b) काली मिट्टी
(c) लेटेराइट मिट्टी (d) लाल-रेतीली मिट्टी
(e) इनमें से कोई नहीं।

71. किस नदी का अन्य नाम परलकोट है?
(a) कोटरी (b) शबरी
(c) बाघ (d) नारंगी
(e) इंद्रावती

72. छत्तीसगढ़ राज्य में अधिकतम औसत वार्षिक तापमान तथा न्यूनतम औसत वार्षिक तापमान क्रमश: होता है–
    (a) रायगढ़ तथा अंबिकापुर में
    (b) रायगढ़ तथा जांजगीर-चांपा में
    (c) कवर्धा तथा कोरबा में
    (d) अंबिकापुर तथा जांजगीर-चांपा में
    (e) इनमें से कोई नहीं।

73. निम्नलिखित कथन पढ़िये-
    1. छत्तीसगढ़ का लगभग तीन चौथाई भाग महानदी अपवाह तंत्र का हिस्सा है।
    2. नर्मदा अपवाह तंत्र छत्तीसगढ़ की सबसे छोटी अपवाह प्रणाली है।
    3. गंगा अपवाह तंत्र का सर्वाधिक क्षेत्र सरगुजा में है।

    सही उत्तर चुनिये-
    (a) 1, 2 एवं 3 सही हैं (b) 1 एवं 2 सही हैं
    (c) 2 एवं 3 सही हैं (d) 1 एवं 3 सही हैं
    (e) केवल 1 सही है

74. निम्नलिखित में से किस ज़िले में कोयला **नहीं** पाया जाता?
    (a) कोरबा (b) रायगढ़
    (c) सूरजपुर (d) बलौदाबाज़ार
    (e) सरगुजा

75. दरभाघाटी किस ज़िले का हिस्सा है?
    (a) बस्तर (b) कांकेर
    (c) कोंडागाँव (d) बीजापुर
    (e) इनमें से कोई नहीं।

76. छत्तीसगढ़ में 'सक्षम योजना' संबंधित है-
    (a) पुरुषों से (b) महिलाओं से
    (c) बेरोजगार युवकों से (d) दिव्यांग लोगों से
    (e) इनमें से कोई नहीं।

77. छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही 'मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना' किससे संबंधित है?
    (a) नक्सली हिंसा से प्रभावित परिवारों के मेधावी बच्चों की शिक्षा से
    (b) बी.पी.एल. परिवारों के मेधावी बच्चों की शिक्षा से
    (c) ग्रामीण अंचल के कक्षा पहली से पाँचवीं तक के बच्चों की शिक्षा से
    (d) 0-5 वर्ष के बच्चों के बीमा से
    (e) इनमें से कोई नहीं।

78. छ.ग. में अमृत मिशन योजना की शुरुआत किस नदी पर की गई है?
    (a) खारुन नदी (b) महानदी
    (c) शिवनाथ नदी (d) अरपा नदी
    (e) इनमें से कोई नहीं।

79. सबला योजना छत्तीसगढ़ के कितने ज़िलों में संचालित है?
    (a) 10 (b) 12
    (c) 16 (d) 13
    (e) इनमें से कोई नहीं।

80. मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत प्रति कन्या कुल कितने रुपये की सहायता का प्रावधान है?
    (a) 10500 रुपये (b) 15000 रुपये
    (c) 20000 रुपये (d) 25000 रुपये
    (e) इनमें से कोई नहीं।

81. छत्तीसगढ़ में वर्तमान में ज़िला पंचायतों की संख्या है-
    (a) 17
    (b) 27
    (c) 11
    (d) 12
    (e) इनमें से कोई नहीं।

82. सरपंच एवं उपसरपंच की अनुपस्थिति में ग्राम सभा की बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?
    (a) पंचायत सचिव
    (b) ग्राम सभा द्वारा निर्वाचित सदस्य
    (c) वरिष्ठ पंचायत सदस्य (पंच)
    (d) जनपद पंचायत का सदस्य
    (e) इनमें से कोई नहीं।

83. छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के अनुसार निम्नलिखित में से किसका प्रत्यक्ष निर्वाचन नहीं होता?
    (a) पंच (b) सरपंच
    (c) उपसरपंच (d) जनपद पंचायत सदस्य
    (e) इनमें से कोई नहीं।

84. छत्तीसगढ़ के पंचायत राज अधिनियम, 1993 की किस धारा के तहत ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों को वापस बुलाने का प्रावधान है?
    (a) धारा 20 (b) धारा 21 (क)
    (c) धारा 22 (d) धारा 23
    (e) इनमें से कोई नहीं।

85. छत्तीसगढ़ के किस ज़िले में प्रदेश का पहला जैविक हाट बाज़ार प्रारंभ किया जाएगा?
    (a) गरियाबंद
    (b) दुर्ग
    (c) सूरजपुर
    (d) रायपुर
    (e) इनमें से कोई नहीं।

86. छत्तीसगढ़ के 'माउंटेन मैन' के नाम से प्रसिद्ध प्रदेश के एकमात्र पर्वतारोही जिन्होंने एवरेस्ट पर परचम लहराया है-
(a) वी. जॉनसन
(b) धर्मेश गोफने
(c) आशीष अग्रवाल
(d) राहुल गुप्ता
(e) इनमें से कोई नहीं।

87. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना छत्तीसगढ़ राज्य में कब से लागू की गई है?
(a) 2015 (b) 2016
(c) 2017 (d) 2014
(e) इनमें से कोई नहीं।

88. छत्तीसगढ़ बजट 2018-19 में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 2017-18 के संशोधित अनुमान से कितना अधिक था?
(a) 11.7% (b) 10.7%
(c) 9.7% (d) 12%
(e) इनमें से कोई नहीं।

89. रावघाट-जगदलपुर परियोजना की लंबाई कितनी है?
(a) 140 किमी. (b) 150 किमी.
(c) 160 किमी. (d) 120 किमी.
(e) इनमें से कोई नहीं।

90. छत्तीसगढ़ के किस ज़िले में दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर (2001-2011) सर्वाधिक रही?
(a) कबीरधाम (b) रायगढ़
(c) बिलासपुर (d) महासमुंद
(e) रायपुर

91. छत्तीसगढ़ का कौन-सा ज़िला सर्वाधिक शहरीकृत है?
(a) कोरबा
(b) दुर्ग
(c) रायपुर
(d) बिलासपुर
(e) धमतरी

92. छत्तीसगढ़ राज्य की नियमित कृषि उपज मंडियों को राष्ट्रीय कृषि बाजार से जोड़ने के लिये राज्य के कितने कृषि उपज मंडियों को चिंह्नाकित किया गया है?
(a) 12 (b) 13
(c) 14 (d) 15
(e) 16

93. छत्तीसगढ़ के बजट 2018-19 में उच्च शिक्षा के विस्तार हेतु कितने नवीन महाविद्यालय खोलने का प्रावधान किया गया है?
(a) 12 (b) 18
(c) 30 (d) 16
(e) इनमें से कोई नहीं।

94 101 महत्त्वाकांक्षी ज़िलों में छत्तीसगढ़ का कौन-सा ज़िला प्रथम दस ज़िलों में शामिल है?
(a) जांजगीर-चाँपा (b) कोरबा
(c) बिलासपुर (d) सुकमा
(e) इनमें से कोई नहीं।

95. पोलैंड में आयोजित वर्ल्ड साइकल स्टंट चैंपियनशिप, 2017 में किसने काँस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया?
(a) अभिषेक सिंह (b) अभिषेक वर्मा
(c) दीपेश सिन्हा (d) आशुतोष सिंह
(e) इनमें से कोई नहीं।

96. राज्य विधानसभा चुनाव, 2018 में शत-प्रतिशत मतदान के लिये छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' की ब्रांड एंबेसडर किसे बनाया गया था?
(a) नीलम शर्मा (b) नीता डुमरे
(c) हर्षा साहू (d) प्रिया सिन्हा
(e) इनमें से कोई नहीं।

97. अक्टूबर 2018 में भारत की 'मिस ट्रांस क्वीन' का खिताब जीतने वाली वीना संेद्रे किस राज्य की हैं?
(a) छत्तीसगढ़ (b) तमिलनाडु
(c) गुजरात (d) महाराष्ट्र
(e) पश्चिम बंगाल

98. 19वें छत्तीसगढ़ राज्य युवा उत्सव का आयोजन किस ज़िले में किया गया था?
(a) बिलासपुर (b) रायपुर
(c) महासमुंद (d) रायगढ़
(e) धमतरी

99. छत्तीसगढ़ के किस ज़िले को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के लिये तीसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है?
(a) रायपुर (b) बिलासपुर
(c) रायगढ़ (d) दुर्ग
(e) इनमें से कोई नहीं।

100. छत्तीसगढ़ के मंत्रिमंडल में वर्तमान में कुल कितने मंत्री हैं?
(a) 12 (b) 13
(c) 14 (d) 15
(e) 11

# छत्तीसगढ़ पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा), 2018
## (मॉडल पेपर-2) उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 35. | (c) | 69. | (a) |
| 2. | (d) | 36. | (a) | 70. | (c) |
| 3. | (a) | 37. | (a) | 71. | (a) |
| 4. | (c) | 38. | (a) | 72. | (a) |
| 5. | (e) | 39. | (b) | 73. | (a) |
| 6. | (d) | 40. | (a) | 74. | (d) |
| 7. | (b) | 41. | (b) | 75. | (a) |
| 8. | (c) | 42. | (d) | 76. | (b) |
| 9. | (e) | 43. | (c) | 77. | (a) |
| 10. | (c) | 44. | (c) | 78. | (a) |
| 11. | (c) | 45. | (a) | 79. | (a) |
| 12. | (c) | 46. | (d) | 80. | (b) |
| 13. | (a) | 47. | (b) | 81. | (b) |
| 14. | (c) | 48. | (a) | 82. | (b) |
| 15. | (c) | 49. | (b) | 83. | (c) |
| 16. | (c) | 50. | (d) | 84. | (b) |
| 17. | (e) | 51. | (b) | 85. | (a) |
| 18. | (a) | 52. | (e) | 86. | (d) |
| 19. | (c) | 53. | (b) | 87. | (b) |
| 20. | (a) | 54. | (c) | 88. | (a) |
| 21. | (c) | 55. | (d) | 89. | (a) |
| 22. | (d) | 56. | (d) | 90. | (a) |
| 23. | (c) | 57. | (a) | 91. | (b) |
| 24. | (b) | 58. | (d) | 92. | (c) |
| 25. | (b) | 59. | (a) | 93. | (c) |
| 26. | (a) | 60. | (a) | 94. | (d) |
| 27. | (b) | 61. | (d) | 95. | (a) |
| 28. | (c) | 62. | (d) | 96. | (b) |
| 29. | (a) | 63. | (c) | 97. | (a) |
| 30. | (b) | 64. | (b) | 98. | (d) |
| 31. | (c) | 65. | (a) | 99. | (c) |
| 32. | (a) | 66. | (b) | 100. | (a) |
| 33. | (d) | 67. | (c) | | |
| 34. | (a) | 68. | (a) | | |